प्रेस नोट थाना खुटार
जनपद शाहजहाँपुर
दिनांक 13.03.2026

"थाना खुटार पुलिस टीम द्वारा अपहर्ता/पीड़िता को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाना तथा आत्महत्या करने के लिये अपहर्ता/पीड़िता को उकसाने के अभियुक्त को किया गिरफ्तार"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, महोदया के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी पुवायाँ के निकट पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष खुटार के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कडी कार्यवाही के क्रम में थाना खुटार पुलिस को बडी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण –

दिनांक 07.03.2026 को वादी द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खुटार पर पंजीकृत मु0अ0सं0 58/26 धारा 137(2) बीएनएस बनाम 1.पुजेश पुत्र प्रदीप पाण्डे 2.प्रदीप पाण्डे पुत्र राधेश्याम निवासीगण ग्राम धनसिंहपुर थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में यह तथ्य प्रकाश में आया कि दिनांक 08.03.2026 को मुकदमा उपरोक्त की पीडिता/अपहर्ता/मृतिका को अभियुक्त पुजेश उर्फ पीयूष पाण्डे पुत्र प्रदीप पाण्डे निवासी ग्राम धनसिंहपुर थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाना तथा पीडिता/अपहर्ता/मृतिका को आत्महत्या करने हेतु उकसाना जिससे पीडिता/अपहर्ता द्वारा जहर खाकर आत्म हत्या कर लेना तथा अभियुक्त के पिता प्रदीप पाण्डे द्वारा पीडिता/अपहर्ता के परिजन को गाली गलौज करना व जान से मारने की धमकी देना आदि साक्ष्य प्रकाश में आये, जिसके आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 108/352/351(3) बीएनएस की वृद्धि की गयी। साक्ष्य संकलित कर थाना खुटार पुलिस द्वारा आज दिनांक 13.03.2026 को वांछित अभियुक्त की तलाश करते हुए जरिये मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त पुजेश उर्फ पीयूष पुत्र प्रदीप पाण्डे उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम धनसिंहपुर थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर को जेसी बाबा भट्टे के पास से समय 13.20 गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

1. पुजेश उर्फ पीयूष पुत्र प्रदीप पाण्डे उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम धनसिंहपुर थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

1. मु0अ0सं0 58/26 धारा 137(2)/108/352/351(3) बीएनएस थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान का विवरण-

दिनांक घटना 13.03.2026 समय 13.20 बजे जेसी बाबा भट्टे के पास से।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 श्री सत्येन्द्रपाल सिंह
2. हे0का0 109 इन्द्रेश कुमार